प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को रांची रेल डिवीजन के गोविंदपुर रोड स्टेशन का करेंगे ऑनलाइन उदघाटन, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया है स्टेशन का विकास।
2. आंदोलनरत जेपीएससी अभ्यर्थियों से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दोबार की मुलाकात, परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर आयोग के अध्यक्ष से की बात।
3. आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में साहिबगंज जिले को देशभर में दूसरा स्थान, तीन करोड़ रुपये की मिली पुरस्कार राशि।
4. साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता, देवघर में 10 अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

   और

5. गिरिडीह जिले में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को रांची रेल डिवीजन के गोविंदपुर रोड स्टेशन का ऑनलाइन उदघाटन करेंगे। इस योजना की शुरुआत उन्होंने फरवरी 2024 में की थी। इस बाबत सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गोविंदपुर स्टेशन को विकसित किया गया हैं।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राजभवन में आंदोलनरत जेपीएससी अभ्यर्थियों से दोबारा मुलाकात की। इसके बाद जेपीएससी परीक्षा परिणाम जल्द जारी होने की संभावना बढ़ गयी है। अभ्यर्थियों ने बताया कि राज्यपाल ने परीक्षा परिणाम को लेकर जेपीएससी अध्यक्ष से बात की। इससे पहले जेपीएससी परीक्षा के परिणाम जारी करने की मांग को लेकर डुमरी विधायक जयराम महतो ने अभ्यर्थियों के साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की थी। उन्होंने राज्यपाल को पूरी समस्या से अवगत कराया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री महतो ने कहा कि राज्यपाल ने जल्द इस दिशा में पहल का भरोसा दिया है।

*********************

नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में साहिबगंज जिले को देशभर में दूसरा स्थान मिला है। जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के कारण जिले को यह सफलता मिली है। नीति आयोग की ओर से जिले को तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि भी दी गयी है।

*********************

धनबाद जिले के एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी मार्केटिंग ऑफिसर, ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर, सहायक गोदाम प्रबंधक और डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ताओं साथ बैठक की। इस दौरान जून, जुलाई और अगस्त महीने के खाद्यान्न का उठाव करने और डोर स्टेप डिलीवरी एक साथ करने का निर्देश दिये हैं।

*********************

देवघर  साइबर थाने की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जसीडीह थाना क्षेत्र के रायडीह गांव स्थित जंगल में छापेमारी कर 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि साइबर अपराधियों के पास से 11 मोबाइल व 13 सिम कार्ड जब्त किये गये हैं।

*********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी है। जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा के समापन के बाद अब 19 और 20 मई को राज्य में प्रखंड स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी।

*********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्य में तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में जामताड़ा जिले में तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

*********************

आतंकवाद के विरूद्ध भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच समूचा राष्ट्र , देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता राइफलमैन संजय कुमार का स्मसरण कर रहे हैं। उन्होंने करगिल युद्ध में अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया था। एक रिपोर्ट–

*********************

पुलिसकर्मियों का तनाव कम करने के लिए कोडरमा जिले में पुलिस की ओर से बिरसा संस्कृत सभागार में विशेष मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों के द्वारा एसपी, एसडीपीओ, डीएसपी समेत पुलिस के अधिकारियों और जवानों को मेडिटेशन के साथ ही योग और व्यायाम के भी कुछ अभ्यास कराए गए। मौके पर मौजूद एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिस का काम चुनौतीपूर्ण होने के साथ तनाव से भरा होता है। ऐसे में इस तरह के कार्यक्रम से पुलिस में नयी ऊर्जा का संचार होता है।

*********************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार रांची से गिरिडीह आ रहे आशीष वर्णवाल की चार पहिया गाड़ी पेड़ से जा टकराई । इस घटना में श्री वर्णवाल और उनकी पत्नी के अलावा उनके डेढ़ साल के बेटे की जान चली गयी।

*********************

मौसम विभाग ने आज से चार दिनों तक राज्य के अधिकतर जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने आज के लिए येलो अलर्ट जबकि कल से 20 मई तक के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया है।

*********************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रांची लौटे खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से खेल निदेशक संदीप कुमार और उपनिदेशक राजेश कुमार ने मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड ने आठ स्वर्ण समेत 21 पदक हासिल किये हैं।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 86 हजार 1 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************